'भारतीय खेल प्रबन्धन एक विश्लेषणात्मक अध्ययन'

शारीरिक शिक्षा में शोध उपाधि हेतु
शोध अध्ययन

सह परिदर्शक	परिदर्शक
कु० डॉ० स्वपना सक्सेना	प्रो० (डॉ०) अमरेश कुमार
प्रवक्ता- मेजर ध्यानचन्द्र	प्राचार्य- बंशी कालेज आफ ऐजुकेशन
शा० शि० संस्थान बु० वि० झाँसी	बिठूर, कानपुर

संजीव कुमार गुप्त
पी० एच० डी० शोधार्थी

मेजर ध्यानचन्द्र शारीरिक शिक्षा एवं खेल संस्थान
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी (उ०प्र०)

2007

समर्पित
माता-पिता एवं भाई

सह परिदर्शक

कु0(डॉ0)स्वपना सक्सेना
प्रवक्ता
मेजरध्यानचन्द्र शा0शि0 संस्थान
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

परिदर्शक

प्रो0 (डॉ0) अमरेश कुमार
प्राचार्य
बंशी कालेज ऑफ एजुकेशन
बिठूर, कानपुर

जीवन वृत्त

नाम	:	संजीव कुमार गुप्त
पिता का नाम	:	श्री शिवकुमार गुप्त
जन्म तिथि	:	15 अप्रैल 1974
स्थान	:	बांदा
पता	:	छोटी बाजार, झण्डा चौराहा, बांदा
शैक्षिक योग्यता	:	बी0ए0– 1997 बी0पी0एड0 (शारीरिक शिक्षा) 1998 जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर एम0पी0ई0 (शारीरिक शिक्षा) 2001 एल0एन0आई0पी0ई0, ग्वालियर
खेल विशेषज्ञता	:	एन0आई0एस0 (बालीबाल) 1999 साई बैगलोर
खेल विशेषतायें	:	वालीबाल, फुटबाल, किक्रेट, हाकी
अनुभव	:	तीन वर्षीय शारीरिक शिक्षा के अध्यापन कार्य में (एकलव्य महाविद्यालय दुरेडी, रोड, बांदा)

प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तुत शोध पत्र "भारतीय खेल प्रबंधन एक विश्लेषणात्मक अध्ययन" मेरे मार्गदर्शन में श्री संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा शोध उपाधि पी0एच0डी0 हेतु किया गया एक मूल शोध कार्य है, जो कि शारीरिक शिक्षा में शोध उपाधि हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रस्तुत है।

शोधार्थी ने शोध कार्य के दौरान 200 दिनों से अधिक दिवसों में हमारे समक्ष एवं शोध केन्द्र पर प्रतिवर्ष उपस्थिति रहकर प्रस्तावित शोध अध्ययन उपाधि हेतु कार्य किया है।

आपके ज्ञान एवं विश्वास के आधार पर मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि :–

1. शीर्षक के अनुसार किया गया कार्य शोधार्थी के द्वारा किया मूल एवं नवीन कार्य है।
2. शोधार्थी ने शीर्षक के अनुसार समस्त कार्य स्वयं पूर्ण किया है।
3. शोधार्थी बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के शीरीरिक शिक्षा विभाग से शोध उपाधि हेतु समस्त आर्डिनेन्स के अनुरुप उपरोक्त शीर्षक कार्य पूर्ण किया है।
4. उपरोक्त शोध कार्य गुणवत्ता भाषा के अनुरुप उच्चकोटि का कार्य मूल्यांकन हेतु परीक्षको के लिए अनुमोदित करने योग्य एक शोध अध्ययन है।

सह शोध परिदर्शक

12/02/2007

कु0 (डॉ0) स्वपना सक्सेना

प्रवक्ता (शारीरिक शिक्षा)

मेजर ध्यान चन्द्र शारीरिक शिक्षा संस्थान

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

शोध परिदर्शक

प्रो0 (डॉ0) अमरेश कुमार

प्राचार्य

बंशी कालेज ऑफ एजुकेशन

बिठूर, कानपुर

घोषणा

मैं निम्नलिखित शोधार्थी यह घोषणा करता हूँ कि प्रस्तुत शोध पत्र जिसका शीर्षक ''भारतीय खेल प्रबंधन एक विश्लेषणात्मक अध्ययन'' मेरे स्वयं के द्वारा प्रो0 (डॉ0) अमरेश कुमार (आचार्य शारीरिक शिक्षा एवं प्राचार्य बंशी कालेज ऑफ एजुकेशन, बिठूर, कानपुर) तथा कुमारी (डॉ0) स्वपना सक्सेना, प्रवक्ता, मेजर ध्यान चन्द्र शारीरिक शिक्षा संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के मार्गदर्शन में शोध कार्य करने हेतु शोध उपाधि समिति के द्वारा अनुमोदित शोध पत्र है। मैंने बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के नियमों के अनुरुप अपने शोध सलाहकार से उपरोक्त शोध उपाधि में मार्गदर्शन हेतु प्रतिवर्ष 200 दिवसों से अधिक उपस्थिति प्रस्तुत की है।

मैं पुनस्चक घोषणा करता हूँ कि मेरे संज्ञान में प्रस्तुत शोध पत्र मेरे द्वारा किया गया एक नवीन एवं मूल शोध कार्य है जो कि शोध उपाधि हेतु पूर्व में न तो किसी व्यक्ति के द्वारा न तो इस संस्थान में अथवा किसी अन्य संस्थान में अथवा किसी विश्वविद्यालय में अथवा किसी सम–विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

संजीव कुमार गुप्त

संजीव कुमार गप्त
शोध शिक्षार्थी
शारीरिक शिक्षा विभाग
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

अनुमोदित एवं अग्रेसित
सह शोध परिदर्शक

कु0 (डॉ0) स्वपना सक्सेना
प्रवक्ता (शारीरिक शिक्षा)
मेजर ध्यान चन्द्र शारीरिक शिक्षा संस्थान
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

शोध परिदर्शक

प्रो0 (डॉ0) अमरेश कुमार
आचार्य, शारीरिक शिक्षा एवं
प्राचार्य, बंशी कालेज ऑफ एजुकेशन
बिठूर– 209201, कानपुर

आभार-पत्र

प्रस्तुत शोध पूर्ण करने में शोध शिक्षार्थी को भारत में खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा विषय से सम्बन्धित विभिन्न–विभिन्न व्यक्तियों जिन्होने कि शोध शिक्षार्थी को शोध पूर्ण करने हेतु प्रश्नावलियों के जबाब देकर जो बहुमूल्य योगदान प्रदान किया उसके लिये शोध शिक्षार्थी उन समस्त व्यक्तियों को धन्यवाद प्रस्तुत करता है। जिनके बिना कि भारत में खेल प्रबंधन के ऊपर या विशेषणात्मक अध्ययन पूर्ण नहीं किया जा सकता था।

शोध शिक्षार्थी बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ0 आर0पी0 अग्रवाल का विशेष रुप से ऋणी है कि उन्होने बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शोध शिक्षार्थी को ''भारतीय खेल प्रबंधन एक विश्लेषणात्मक अध्ययन'' विषय पर शोध करने का अवसर प्रदान कर भारतवर्ष में खेलकूल एवं शारीरिक शिक्षा के प्रबंधन से जुड़े हुये विषय पर एक अभूतपूर्ण शोध करने की अनुमति प्रदान की।

शोध शिक्षार्थी अपने प्रमुख परिदर्शक प्रो0 डॉ0 अमरेश कुमार प्राचार्य, बंशी कालेज ऑफ एजुकेशन, बिठूर, कानपुर को विशेष रुप से धन्यवाद प्रस्तुत करता है। क्योंकि उन्होंने प्रस्तुत शोध विषय का चित्रण एवं समय–समय पर बहुमूल्य सलाह प्रदान कर इस शोध विषय को अति महत्वपूर्ण बना दिया है। जिससे कि आमतौर पर भारत वर्ष में किये गये शोध उपाधि सिर्फ पुस्तकालयों की शोभा बढ़ाने के काम आते हैं वह इस शोध विषय का भविष्य नहीं होगा। अपितु प्रस्तुत शोध विषय भारत सरकार तथा अन्य खेलकूद से सम्बन्धित संस्थानों में भारतीय खेल के परिदृष्ट को उन्नत एवं उपयोगी रुप से सुदृढ़ी बनाये हेतु एक मार्गदर्शन के रुप में कार्य करेगी। मैं प्रो0 डॉ0 अमरेश कुमार का विशेष रुप से आभार इसलिये प्रस्तुत करना चाहता हूं कि उन्होने इस शोध विषय को पूर्ण करने हेतु शोध शिक्षार्थी को बंशी कालेज ऑफ एजुकेशन को शोध केन्द्र के रुप में प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की।

इस सम्बन्ध में कु0 डॉ0 सपना सक्सेना, प्रवक्ता मेजर ध्यानचन्द्र शारीरिक शिक्षा संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय भी विशेष रुप से धन्यवाद की पात्र है। जिन्होंने कि सह परिदर्शक के रुप में शोध शिक्षार्थी को समय–समय पर बहुमूल्य सलाह प्रस्तुत कर शोध प्रबंध को पूर्ण करने में

योगदान प्रदान किया।

प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय सांसदों के अभूतपूर्व रुचि एवं शोध शिक्षार्थी को जो सहयोग प्रदान किया गया वह अत्यन्त ही अतुलनीय एवं प्रशासनीय हैं। राजसभा के माननीय उपाध्यक्ष श्री भैंरव सिंह शेखावत एवं उप राष्ट्रपति महोदय ने जिस प्रकार शोध विषय को देखते हुये संसदीय पुस्तकालय में शोध शिक्षार्थी को शोध विषय से सम्बन्धित अभिलेखों तथा स्रोतों का उपयोग करने हेतु अनुमति प्रदान की उसके लिये शोध शिक्षार्थी उनका विशेष रुप से अनुग्रहीत होते हुये उन्हें आभार प्रदान करता है। इस शोध के प्रश्नवालियों को भरवाने हेतु शोध शिक्षार्थी को अनेकों सांसदों, राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों, अर्जुन पुंरस्कार विजेताओं, पत्रकारों तथा शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने जो योगदान दिया उसके लिये उन समस्त व्यक्तियों को नामित तो नहीं किया जा सकता है परन्तु उनके योगदान के बिना इस विषय पर शोध असम्भव था, अतः शोध शिक्षार्थी उन समस्त व्यक्तियों को आभार प्रकट करता है जिन्होने की समय–समय पर विषय से सम्बन्धित प्रश्नावलियों का जबाब प्रदान किया और साथ ही साथ भारतीय खेलप्रबंधन सम्बन्धित विषय किये जाने वाले आवश्यक परिवर्तनों में सहयोग प्रदान किया।

शोध शिक्षार्थी विशेष रुप माननीय कु0 ज्योर्तिमय सिकदर एवं माननीय श्री अमर सिंह जी का विशेष रुप से आभार प्रकट करता है, जिन्होंने कि सम्बन्धित विषय के प्रश्नावलियों को संचालित करने हेतु अनेकों माननीय सांसदों, पत्रकारों तथा वरिष्ठ नागरिकों को अपने परिचय से प्रश्नावली पूर्ण कर इस शोध विषय को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान किया।

शोध शिक्षार्थी संसद के पुस्तकालय के सम्मानीय पुस्तकालय अध्यक्ष एवं समस्त कर्मचारियों का बहुत ही आभारी है जिन्होने कि उन्हें भारतीय संसद में खेलों से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों एवं खेल मंत्रालय के द्वारा उन प्रश्नों के जबाब आदि का संकलन करने में प्रमुख योगदान किया।

शोध शिक्षार्थी भारतीय खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय के उप सूचना अधिकारी श्री संजय सिंह का विशेष रुप से आभारी हैं जिन्होने कि शोध शिक्षार्थी को भारतीय खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय से सम्बन्धित अनेकों

सूचनायें जो कि इस शोध विषय से सम्बन्धित थी प्रदान कराने में अत्यन्त सहयोग प्रदान कर शोध विषय को सम्पूर्ण करने में योगदान प्रदान किया। साथ ही साथ शोध शिक्षार्थी वरिष्ठ पत्रकार बन्धु श्री ओमशंकर गुप्ता, श्री अलोक गुप्ता, श्री अखिलेश मिश्रा एवं श्री अनुपम गुलाटी, राष्ट्रीय सहारा तथा श्री नाहिद अंसारी वरिष्ठ पत्रकार आजतक का अत्यन्त ही आभारी हैं जिन्होने कि समय–समय पर विभिन्न व्यक्तियों से अपना परिचय प्रस्तुत कर शोध विषय से सम्बन्धित प्रश्नावली तथा आंकड़ों के संकलन में सहयोग प्रदान कर शोध शिक्षार्थी को बहुत ही सहयोग प्रदान किया।

शोध शिक्षार्थी लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (सम विश्वविद्यालय) में शारीरिक शिक्षा में कार्यरत आचार्य श्रीमती डॉ0 इन्दूमती मजूमदार को भी आभार प्रकट करता है। जिन्होने कि शोध ग्रन्थ के अन्तिम प्रारुप को मूर्तरुप प्रदान करने में अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया।

मैं उपरोक्त समस्त कार्य बिना अपने पिता श्री शिवकुमार गुप्त एवं माता श्रीमती सरमन देवी के आर्शीवाद एवं शुभाशीष के बगैर कभी भी करने में सक्षम नहीं था अतः समय–समय पर मुझे जो सलाह, शक्ति एवं संयम के साथ इस विषय को पूर्ण करने में जो आर्शीवचन हमारे माता–पिता का रहा वह अत्यन्त ही अतुलनीय हैं। अन्त में मेरी पत्नी तथा मेरा पुत्र जो कि इस शोध को पूर्ण करते समय उनके साथ न रहने से उन्हें जो कष्ट एवं दुख पहुंचा परन्तु सहनशीलता के साथ उन्होने जो मेरा सहयोग इस शोध प्रबंध को पूर्ण करने में दिया व अतुलनीय है उनके सहयोग के बिना मैं कभी भी अपने इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता था।

श्री विवेक कुमार गुप्ता "जीतू" जिन्होंने कि मुझे राष्ट्र भाषा हिन्दी लिपि में इस शोध प्रबंध को टंकित करने एवं उसे मूर्तरुप प्रदान करने में जो मुझे कठिनाई आती रही उसका निदान कर आम नागरिकों की भाषा में इस शोध प्रबंध को पढ़ने लायक टंकित कर पूरा किया उसके लिये वो मेरे आभार के पात्र है। अन्त मैं उन समस्त व्यक्तियों जिन्होने किसी न किसी रुप में जिनके विषय में मैं आभार प्रस्तुत नहीं कर पा रहा हूं। वे समस्त व्यक्ति मेरे लिये बहुत ही महत्वपूर्ण थे तथा मैं उन सभी व्यक्तियों को आभार प्रस्तुत करता हूं।

संजीव कुमार गुप्त

(संजीव कुमार गुप्त)

शोध शिक्षार्थी

विषय सूची

तालिकाओं की सूची

परिदृष्टों की सूची

परिशिष्ट की सूची

प्रथम अध्याय

प्रथम अध्याय

परिचयः-

अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, खेलकूद एवं मनोरंजन परिषद (इचफर) के द्वारा अनुच्छेद-1 में यह घोषणा की गई है कि खेलकूद को समस्त बच्चों को मौलिक अधिकार के रुप में प्रदान किया जावे।[1]

इसी अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अपने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 1978 के दौरान अनुच्छेद-4 के द्वारा अपनी घोषणा में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के प्रबन्धन की जिम्मेदारी सिर्फ स्वास्थ्य शिक्षा; शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के दक्ष व्यक्तियों के जिम्मे करने हेतु अनुमोदन किया है।[2]

संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा निर्मित शैक्षणिक अंतर्राष्ट्रीय एवं वैज्ञानिक संगठन की (युनेस्को) संधी के अनुरुप भारत गणराज्य ने संधि पर सहमति दी है कि भारत गणराज्य संयुक्त राष्ट्र संघ के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक संगठन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद शारीरिक शिक्षा एवं मनोरंजन परिषद के अंतराष्ट्रीय घोषणा का पालन करेगा।

भारत सरकार के द्वारा समय-समय पर भारत के विभिन्न मंत्रालयों के कार्यक्रमों एवं कार्यो की समीक्षा हेतु, अनेको संसदीय समितियों का गठन किया जाता है, उक्त समितियों में लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसद, प्रतिनिधि होते है भारत गणराज्य के द्वारा गठित उक्त समितियां विभिन्न मंत्रालयों के कार्यो एवं केन्द्रों पर जाकर मंत्रालय के द्वारा सम्पन्न कार्यो की

1- UNESCO: International Charter of Physical Education and Sports (proclaimed by 20th Session of UNESCO General Conference 1978, Paris Nov. 1978 (Article-1).

2- Ibid (Article-4)

समीक्षा कर अपना प्रतिवेदन भारतीय संसद के समक्ष प्रस्तुत करती हैं उक्त प्रतिवेदन में विभिन्न मंत्रालयों के अच्छे कार्यो को प्रोत्साहित किया जाता है एवं मंत्रालयों के निरन्तर सुधार हेतु अनुशंसा प्रस्तुत की जाती है।

इसी तारतम्य में भारत सरकार के द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेलकूद की संसदीय समिति का भी गठन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। वर्ष 1992 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग की समीक्षा हेतु गठित संसदीय समिति ने अपने प्रतिवेदन में भारत के खेलकूद के कार्यक्रमों हेतु चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर खेलकूद में भारत की व्यथा पर अत्यन्त खेद व क्षोभ प्रकंट करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किये। भारत में प्रचलित खेल प्रंबधन के ऊपर भी समिति ने गहरा असंतोष प्रकट किया जो कि निम्नानुसार है[3] –

अपने प्रतिवेदन के पद कमांक (एच) समन्वयन एवं जिम्मेदारी की कमी में समिति ने यह आंकलन किया है कि वर्तमान भारतीय खेल प्रंबधन में केन्द्र सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण, विभिन्न खेल संगठन एवं राज्य सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ अहम भूमिका निभा रही है। परन्तु सभी में भारतीय खेल प्राधिकरण जो कि भारत गणराज्य में खेलों के उत्थान एवं उन्नति के हेतु सर्वोच्च्य स्थान है, की गतिविधियॉ बहुत ही असंतोषजनक है।

---

3. Report of the committedx in Review the National Sports Policy and Operation Excellence, endorsed with latter No. F-119/90-S.P. IV dated 26th May 1992 issued by Govt. of India Ministry of Human Resource Development Department of Youth Affairs & Sports, New Delhi 1992.

समिति के द्वारा अपनी समीक्षा के दौरान उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रंबधन हेतु मुख्यालय नई दिल्ली में स्थापित किया गया है और इसके 6 क्षेत्रीय केन्द्र कार्य कर रहे है। उक्त सर्वोच्च खेल संस्थान के सर्वोच्च पद पर भारत सरकार के द्वारा प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को महानिदेशक तथा सचिव के रुप में नियुक्त किया जाता है एवं अन्य कार्यों हेतु कार्यकारी निदेशक तथा क्षेत्रीय निदेशक की नियुक्ति भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों में से की जाती है, परन्तु समिति के द्वारा यह पाया गया है कि भारतीय खेल प्राधिकरण के शीर्ष पदों पर नियुक्त अधिकारियों में से किसी के पास खेलकूद अथवा शारीरिक शिक्षा का आधार वह शैक्षणिक योग्यता नही है जिसके कारण कि उनके द्वारा भारतीय खेल हेतु निर्मित विभिन्न परियोजनायें बिना किसी परिणाम के निरर्थक ही समाप्त हो जाती है। अतः संसदीय समिति ने भी अपने अनुमोदन में भारतीय संसद के समक्ष अनुशंसा प्रस्तुत की है कि भारत सरकार भारतीय खेल प्राधिकरण के समस्त शीर्षस्थ पदो पर अच्छे खेलों के आधार पर सम्पन्न खिलाडियों की नियुक्ति करें जो कि खेलकूद में रुचि लेकर राष्ट्र में भारतीय खेल प्राधिकरण के विभिन्न केन्द्रों में चल रहे केन्द्रों पर विभिन्न कार्यक्रमों की अच्छी परियोजनायें तैयार कर सकें।[4]

इस संबध में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा प्रतिपादित न्यायालयीन आदेश में भी यह निर्णित किया गया है कि हाल में आयोजित कुछ ओलपिंक खेलों में छोटे–छोटे राष्ट्रों का खेल प्रदर्शन बहुत ही उम्दा किस्म का रहा जब

---

4. Ibid

कि भारत जैसे विशाल राष्ट्र जहॉ कि आबादी विश्व में दूसरे स्थान पर है का खेल प्रदर्शन दयनीय है, उक्त चिंता व्यक्त करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अत्यन्त कटु शब्दों में आलोचना करते हुए निर्णित किया है कि यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि भारतीय खेलों में खिलाडियों की देखरेख एवं उन्नति की जिम्मेदारी उन व्यक्तियों को सौंपी हुई है जिनको कि खेलकूद में शून्य के बराबर आता है और वे खेल के उत्थान के बारे में न सोचते हुए आपसी दलगत बुराइयों तथा न्यायालयीन विवादों में उलझकर खेल के मैदान के बारे में सोचना बंद कर चुके है। अपने आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को यह सलाह दी थी कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय खेलों के आयोजन में अधिक से अधिक रूचि लेते हुए खेलों के विभिन्न सर्वोच्च पदों पर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद में उपाधि प्राप्त विशेषज्ञों को ही नियुक्त करे अन्यथा उन्होने आशंका व्यक्त की कि केन्द्र सरकार के द्वारा खेलों के उत्थान हेतु प्रदान की जाने वाली अपार धनराशि के बावजूद भी परिणाम दयनीय एवं निराशाजनक है।[5]

परन्तु आज तक भी भारतीय खेलों की स्थिति में उत्थान हेतु विभिन्न खेल संस्थाओं के सर्वोच्च पदों पर आसीन अधिकारियों में शायद ही किसी के पास शारीरिक शिक्षा अथवा खेलकूद में विशिष्टता अथवा योग्यता हो। ऐसी स्थिति में शोधार्थी वर्तमान शोध उपाधि हेतु भारतीय खेल प्रबंधन के शीर्षस्थ पदों पर कार्य कर रहे अधिकारियों के संबध में एक अध्ययन कर उनके पद तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद संबधी शैक्षणिक

---

5. 1991 AIR SCW : 774 M.P. Fencing Association Vs. Shri Vidya Charan Shukla & ors.

योग्यता, खेलों में उनकी भागीदारी (प्रतिनिधित्व) की जानकारी एकत्र कर उसके संबध में विश्लेषणात्मक अध्ययन करेगा तथा उक्त अध्ययन के दौरान विभिन्न वर्गो के द्वारा प्राप्त सुझावों के अनुरुप भारत के खेलों के लिए आवश्यक प्रबंध का प्रारुप कैसा हो, पर शोध करेगा।

शोध समस्या का कथन-

वर्तमान में अनुसंधान का उददेष्य भारत की वर्तमान खेल प्रबधन में कार्यरत अधिकारियों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा संबधित शैक्षणिक योग्यता के विषय में जानकारी प्राप्त कर जनतांत्रिक विधि से भविष्य में खेल प्रबंधन हेतु नियुक्ति किये जाने वाले व्यक्तियों की वांछनीय एवं व्यवासायिक शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता के ऊपर विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत करना है।

परिकल्पना-

शोधार्थी के द्वारा परिकल्पना की गई है कि भारत में वर्तमान खेल प्रंबधन गैर व्यवसायिक व्यक्तियों के नियंत्रण में है तथा उक्त नियंत्रण के कारण भारतीय खेल उन्नति के पथ पर अग्रसर नहीं हो पा रहा है। अतः भारत के खेल प्रंबधन की जिम्मेदारी शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विषय में शिक्षित व्यवसायिक लोगों के नियंत्रण में दिया जाना ही भारतीय खेल की उन्नति और उत्थान हेतु उचित होगा।

परिसीमा-

वर्तमान शोध हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मे शीर्षस्थ पदों पर आसीन सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक, उप सचिव आदि के साथ भारत सरकार के द्वारा शारीरिक शिक्षा में शारीरिक शिक्षकों को उचित शिक्षा प्रदान करने हेतु संचालित एवं पोषित संस्थान ''लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान'' (सम विश्वविद्यालय) की वरीयता क्रम से लेकर सहायक निदेशक तक के पदों के अधिकारियों पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया।

सीमायें-

वर्तमान अध्ययन में शोध छात्र ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम में खेल मंत्रालय तथा उसके द्वारा संचालित व पोषित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (सम विश्वविद्यालय) ग्वालियर में उच्च पदों पर आसीन प्रबन्धकों एवं नीतिगत निर्णय लेने वाले अधिकारियों के द्वारा व्यवासयिक शैक्षणिक योग्यता के सम्बन्ध में अध्ययन किया।

शोधार्थी ने 1000 व्यक्तियों के विचार संग्रह किया।

कुछ गूढ एवं जटिल शब्दावलियों की परिभाषा एवं व्याख्या

खेल प्रंबधन :-

भारत में केन्द्र शासन के अधीन युवा मामलों एवं खेलकूद मंत्रालय तथा लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (सम विश्वविद्यालय) में खेलों सम्बन्धी तथा अन्य परियोजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन से सम्बन्धित समस्त अधिकारी जो खेलों की नीति निर्धारण, भारत सरकार के द्वारा खेलों हेतु दिये

गये वित्तीय अनुदान के सम्बन्ध में निर्णय लेना तथा खेल अथवा शारीरिक शिक्षा के कार्यान्वयन से किसी भी प्रकार से जुडे हैं।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय :-

भारत सरकार के कार्यों के निष्पादन हेतु गठित युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय जो कि खेलकूद, युवा कार्यक्रम, यूथ हास्टल, नेहरु युवा केन्द्र तथा शारीरिक शिक्षा के कार्यक्रमों में नीतिगत निर्णय लेने एवं कार्यपालन हेतु गठित किया गया है।[6] उक्त मंत्रालय में खेलकूद शारीरिक शिक्षा आदि कार्यो के प्रबन्धन एवं संचालन हेतु नीतिगत निर्णय लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मिकों की व्यवासियक शैक्षणिक योग्यता उक्त कार्य करने हेतु अन्तराष्ट्रीय खेल संस्थानों एवं कार्यालयों के अनुरुप है या नहीं इस बात का विषलेषण इस शोध पत्र में किया गया है। इस विषय में यह भी उल्लेखित करना उचित होगा कि किस प्रकार प्राद्यौगिकी, चिकित्सा, कृषि एवं विधि मंत्रालयों में कार्यरत अधिकारीगण अथवा कार्मिक उस कार्य से सम्बन्धित व्यवसायिक शैक्षणिक योग्यता रखते हुये अपने व्यवासियक कार्यो को बुलन्दी पर पहुंचा रहे है। अतः भारतीय खेल मंत्रालय अथवा खेल प्रबन्धंन से सम्बन्धित संस्थानों में ऐसे कितने व्यवसायिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अधिकारी व कार्मिक वर्तमान में कार्यरत होकर भारत में खेल एवं शारीरिक शिक्षा के कार्यो में संलिप्त है।

---

6. Demarcation of Responsibility in Govt. of India.

गये वित्तीय अनुदान के सम्बन्ध में निर्णय लेना तथा खेल अथवा शारीरिक शिक्षा के कार्यान्वयन से किसी भी प्रकार से जुडे हैं।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय :-

भारत सरकार के कार्यों के निष्पादन हेतु गठित युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय जो कि खेलकूद, युवा कार्यक्रम, यूथ हास्टल, नेहरु युवा केन्द्र तथा शारीरिक शिक्षा के कार्यक्रमों में नीतिगत निर्णय लेने एवं कार्यपालन हेतु गठित किया गया है।[6] उक्त मंत्रालय में खेलकूद शारीरिक शिक्षा आदि कार्यो के प्रबन्धन एवं संचालन हेतु नीतिगत निर्णय लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मिकों की व्यवासियक शैक्षणिक योग्यता उक्त कार्य करने हेतु अन्तराष्ट्रीय खेल संस्थानों एवं कार्यालयों के अनुरुप है या नहीं इस बात का विषलेषण इस शोध पत्र में किया गया है। इस विषय में यह भी उल्लेखित करना उचित होगा कि किस प्रकार प्राद्यौगिकी, चिकित्सा, कृषि एवं विधि मंत्रालयों में कार्यरत अधिकारीगण अथवा कार्मिक उस कार्य से सम्बन्धित व्यवसायिक शैक्षणिक योग्यता रखते हुये अपने व्यवासियक कार्यो को बुलन्दी पर पहुंचा रहे है। अतः भारतीय खेल मंत्रालय अथवा खेल प्रबन्धंन से सम्बन्धित संस्थानों में ऐसे कितने व्यवसायिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अधिकारी व कार्मिक वर्तमान में कार्यरत होकर भारत में खेल एवं शारीरिक शिक्षा के कार्यो में संलिप्त है।

---

6. Demarcation of Responsibility in Govt. of India.

लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान-

भारतीय सरकार के द्वारा गठित एक स्वंयशासी संगठन लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (सम विश्वविद्यालय) जो कि 1962 में केन्द्र सरकार के द्वारा गठित कर 1987 में राष्ट्रीय खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा समिति (स्नाईप्स) के साथ समन्वय कर भारत में शारीरिक शिक्षा एवं खेलों में उच्च स्तर के शारीरिक शिक्षकों को शिक्षित करने एवं उत्थान हेतु गठित की गई थी।[7] 1995 में मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय के खेल विभाग द्वारा इस संस्थान को सम विश्वविद्यालय के रुप में मान्यता प्रदान कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा शारीरिक शिक्षा में उच्च शिक्षा एवं शोध हेतु मान्य किया गया था।

खेल प्रंबधक हेतु आवश्यक व्यवसायिक योग्यता-

अन्य व्यवासायिक शैक्षणिक विषयों की तरह जैसे कि प्रौद्योगिकी विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि (बी.एस.सी. इंजी.) व (एम.एस.सी. इंजानियरिंग) चिकित्सा विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि एम0एस0 व एम0डी0 तथाः कृषि विज्ञान या अन्य में व्यवासायिक उपाधियों की तरह "विश्व विद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त शारीरिक शिक्षा अथवा खेल विज्ञान में तीन वर्षीय स्नातक (बी.पी.ई.) के साथ-साथ स्नातकोत्तर उपाधि (एम.पी.ई.) उपाधि प्राप्त व्यक्ति को प्रबंधन में व्यवासायिक योग्यता प्राप्त व्यक्ति माना जाता है।"

---

7. The Gazette of India, Part-1-Sec-1, Department of Youth Affairs & Sports, New Delhi the 28th April 1987; 444.

शोध अध्ययन का महत्व-

वर्तमान शोध अध्ययन भारत सरकार के द्वारा युवा मामलों एवं खेलकूद मंत्रालय की समीक्षा हेतु गठित समिति, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा वर्तमान खेल प्रंबधन के ऊपर व्यक्त असंतोष के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र सरकार के मंत्रालय तथा लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में खेलों के प्रंबधन, नीति निर्धारण, कार्यान्वयन आदि में कार्य कर रहें प्रबंधको की व्यवसायिक योग्यता की जानकारी प्राप्त करना है जो कि भविष्य में खेल प्रबंधक के रुप में नियुक्त किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए दिशा निर्देष का काम करेगा।

यह शोध अध्ययन भारतीय खेलों के परिणाम के विषय में चिन्तन करने वाले नागरिकों, सांसदों, खेल प्रशिक्षकों, खिलाडियों एवं उन छात्रों के लिए चिंतन का आधार बनेगा और ज्ञान कोष को समृद्ध करेगा जो कि खेल के स्तर को उन्नत करके राष्ट्र को गौरवान्वित करने की इच्छा रखते हैं।

यह शोध विषय, केन्द्र सरकार तथा भारतीय संविधान के साथ–साथ विभिन्न खेल संघों, राज्यों एवं अन्य संकायों में खेलों के स्तर को उन्नत करने हेतु योग्य व्यवसायिक व्यक्तियों की सेवा प्रदान करने हेतु मार्गदर्षक बनेगा।

द्वितीय अध्याय

द्वितीय अध्याय

स्त्रोत ग्रंथों का अवलोकन–

अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, खेलकूद एवं मनोरंजन परिषद (इचफर) के द्वारा अनुच्छेद–1 में यह घोषणा की गई है कि खेलकूद को समस्त बच्चों को मौलिक अधिकार के रुप में प्रदान किया जावे।[1] अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अपने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 1978 के दौरान अनुच्छेद–4 के द्वारा अपनी घोषणा में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के प्रबन्धन की जिम्मेदारी स्वास्थ्य शिक्षा, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के दक्ष व्यक्तियों के जिम्मे करने हेतु अनुमोदन किया है।[2]

भारत सरकार के द्वारा युवा कार्यकम एवं खेलकूद मंत्रालय की समीक्षा हेतु गठित संसदीय समिति के द्वारा वर्ष 1992 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग की समीक्षा पश्चात अपने प्रतिवेदन में भारत सरकार के द्वारा चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर खेलकूद में भारत की व्यथा पर अत्यन्त क्षोभ व खेद प्रकट करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किये जिनमें से भारत में प्रचलित खेल प्रबंधन के ऊपर समिति ने गहरा असंतोष प्रकट किया जो कि निम्नानुसार है –[3]

1- UNESCO: International Charter of Physical Education and Sports (proclaimed by 20th Session of UNESCO General Conference 1978, Paris Nov. 1978 (Article-1).

2- Ibid (Article-4)

3. Report of the committedx in Review the National Sports Policy and Operation Excellence, endorsed with latter No. F-119/90-S.P. IV dated 26th May 1992 issued by Govt. of India Ministry of Human Resource Development Department of Youth Affairs & Sports, New Delhi 1992.

समिति के द्वारा अपनी समीक्षा के दौरान उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रबंधन में मुख्यालय नई दिल्ली में स्थापित ही कर, 6 क्षेत्रीय केन्द्र के रुप में कार्य कर रहे है, उक्त सर्वोच्च खेल संस्थान के सर्वोच्च पद पर भारत सरकार के द्वारा प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को महानिदेशक तथा क्षेत्रीय निदेशक की नियुक्ति भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों में से किया जाता है, परन्तु समिति के द्वारा जॉच के दौरान यह पाया गया है कि भारतीय खेल प्राधिकरण के शीर्षस्थ पदों पर नियुक्त अधिकारियों में से किसी के पास खेलकूद अथवा शारीरिक शिक्षा का आधार ही नही है जिसके कारण कि भारतीय खेल हेतु निर्मित विभिन्न परियोजनायें बिना किसी परिणाम के समाप्त हो जाती हैं। अतः संसदीय समिति ने भी अपने अनुमोदन में भारतीय संसद के समक्ष अनुशंसा प्रस्तुत की कि भारत सरकार भारतीय खेल प्राधिकरण के समस्त शीर्षस्थ पदों पर शारीरिक शिक्षा व अच्छे खेलों के आधार वाले व्यवसायिक व्यक्तियों की नियुक्ति करें जो कि खेलकूद में रूचि लेकर राष्ट्र में भारतीय खेल प्राधिकरण के विभिन्न केन्द्रों में चल रहे केन्द्रों पर विभिन्न कार्यक्रमों की अच्छी परियोजनायें तैयार कर सकें।[4]

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भारतीय फेन्सिंग संघ बनाम श्री विद्याचरण शुक्ल व अन्य प्रकरण के द्वारा प्रतिपादित न्यायालयीन आदेश में यह निर्णित किया गया था कि हाल ही में आयोजित कुछ ओलपिंक खेलों में छोटे–छोटे राष्ट्रों का खेल प्रदर्शन बहुत ही उम्दा किस्म का रहा जबकि

---

4. Ibid

भारत जैसे विशाल राष्ट्र जहाँ की आबादी विश्व मे दूसरे नंबर पर है, का खेल प्रदर्शन दयनीय है, उक्त पर चिंता व्यक्त करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अत्यन्त कटु शब्दों में यह आलोचना की थी कि यह अत्यंन्त दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि भारतीय खेलों में खिलाडियों के देखरेख एवं उन्नति की जिम्मेदारी उन व्यक्तियों को सौंपी गई है जिनको कि शारीरिक शिक्षा व खेलकूद में शून्य के बराबर योग्यता है और वे खेल उत्थान के बारे में न सोचते हुए आपसी दलगत बुराइयों तथा न्यायालयीन विवादों में उलझकर खेल के मैदान के बारे में सोचना बंद कर चुके है। अपने आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को यह सलाह दी थी कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों के आयोजन में अधिक से अधिक रूचि लेते हुए खेलों के विभिन्न सर्वोच्च पदों पर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद में उपाधि प्राप्त विशेषज्ञों को ही नियुक्त करें अन्यथा उन्होने आशंका व्यक्त की थी कि सरकार के द्वारा खेलों के उत्थान हेतु प्रदान की जाने वाली अपार धनराशि के बावजूद भी परिणाम दयनीय एवं निराशाजनक ही रहेगें।[5]

भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा राज्य सभा के माननीय सांसद श्रीमती बंगा गीता, श्री जनेश्वर मिश्र और श्री आर.के. गोयनका के द्वारा पूछे गये तांराकित प्रश्न सं. क्रमशः 86, 96 का उत्तर 24 नवम्बर 2000को राज्यसभा के पटल पर प्रस्तुत करते हुए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री सुश्री उमा भारती के द्वारा यह कथन किया गया था कि खेलों के

---

5. 1991 Air SCW : 774 M.P. Fencing Association Vs. Shri Vidya Charan Shukla & ors.

लिए युवाओं का संवर्धन व विकास एक सतत प्रकिया है। भारत सरकार भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलपिंक संघ तथा राष्ट्रीय संघो के परामर्श से खेल परिसंघो के प्रबंधन में सुधरी हुयी कार्यप्रणाली और व्यवसायिकता हेतु कदम उठा रही है।[6]

6. The Govt. of India Ministry of Youth Affiers & Sports; Rajya Sabha Starrt question No. 86 and 96 Aunsered by Minist. Of Youth Affairs & Sports (Sushri Uma Bharti) 24 Nov. 2000 New Delhi.

(दो) राष्ट्रमंडल खेलों मे भारतीय खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धि

अध्यक्ष महोदय : जैसा कि सभी माननीय सदस्य जानते है कि हाल ही में मैनचेस्टर, यूनाइटेड किंग्डम में सम्पन्न हुए सत्रहवें राष्ट्रमंडल खेलो में भारतीय खिलाड़ियों ने 32 स्वर्ण, 21 रजत और 19 कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवन्वित किया है।

यह सभा इन प्रतिभावान खिलाड़ियों की शानदार और अभूतपर्व उपलब्धि के लिए उनकी हार्दिक प्रशंसा करती है। मैं अपनी ओर से तथा समूची सभा की ओर से देश की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाने वाले इन खिलाड़ियों को उनकी गौरवपूर्ण सफलता पर बधाई देता हूं।[7]

19.12.2002

(चार) हिमाचल प्रदेश में खेलों के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को मंजूरी दिय जाने की आवश्यकता।

श्री सुरेन्द्र चन्देल [8] (हमीरपुर हि0प्र0) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जैसा कि आपको विदित है हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवं पिछड़ा क्षेत्र है, लेकिन खेल प्रतिभाओं की वहां कमी नहीं है। आवश्यकता सिर्फ उनको निखारने हेतु खेल सुविधायें मुहैया कराने की है।

---

7. लोक सभा वाद–विवाद गुरुवार 17 श्रावण, 1924 (शक) 08.08.2002 पृष्ठ क्रमांक : 290
8. लोकसभा वाद–विवाद, 28 अग्रहायण 1924 (शक) 19.12.2002 पृष्ठक्र0318

मैं आपके ध्यान मे लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश सरकार के आयुक्त एवं सचिव (युवा सेवाएं एवं खेल) विभाग ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति एवं सहायता प्रदान करने हेतु बिलासपुर-हि0प्र0 में 400 मीटर एथलैटिक ट्रेक निर्माण, हमीरपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण टौणी देवी जिला बिलासपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण, ऊना में तरणाताल (स्वीमंग पूल) निर्माण, हमीरपुर में खेल अकादमी स्थापित करने की परियोजना की स्वीकृति एवं हि0प्र0 के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयो में खेल के मैदानों का विकास करने एवं खेल सामग्री क्रय करने हेतु 67 प्रकरण प्रेषित किए हैं, लेकिन वे अभी तक लम्बित है। मेरा आग्रह है कि शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाये।

15.03.05

Re : Need to nominate the children of Manjhi Community of Bihar to Physically Eductioanal Colleges with a view to develop

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में अनुसूचित जाति मे एक जाति मांझी या भूईयां रहती है। ये लोग काफी, गठीले, फुर्तीले, बलशाली होते है। लेकिन इनके पास पैसे एवं खाने का काफी अभाव रहता है। अगर इनके बच्चों को बचपन से ही रेसलिंग, बॉक्सिंग, जुड़ो, कबड्डी, धनुर्विद्या (आर्चरी) इत्यादि खेलों की ट्रेनिंग दी जाये तो ये बच्चे बड़े होकर अपने देश के लिए ओलंपिक, एशियाड या कॉमनवेल्थ गेम्स में मैडल जीत सकते हैं और ये उपरोक्त वर्णित खेलों की एक प्रतिभा बनकर देश में उभरेंगे।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि खेल मंत्रालय उनके बच्चों के लिए ऐसी व्ययस्था करें और कम से कम प्रत्येक वर्ष 20 बच्चों का सलेक्शन करें, साई स्पोर्ट स्कूल, लखनऊ और राई में नामांकन की व्यवस्था करें।[9]

13.05.2002

(पांच) राष्ट्रीय नेटवर्क द्वारा विश्व कप फुटबाल के सभी मैचों के सीधा प्रसारण की व्यवस्था किए जाने की आवश्कता :

श्री हन्नान मोल्लाह (उलूबेरिया) : विश्व कप फुटबाल मैच की उल्टी गिनती शुरु हो गयी है। लेकिन अभी तक हमें यह मालूम नहीं हैं कि क्या लाखों भारतीय दर्शक, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले, खेलों का प्रसारण देख सकेंगे। अथवा नहीं। महोदय, पूरे देश से लोग इस खेल में भाग लेते हैं। वे विश्व कप में इस आश्चर्यजनक खेल के देखने के लिए चार वर्षो तक प्रतीक्षा करते हैं।[10]

कुछ निजी टीवी चैनल इन खेलों का प्रसारण करेंगे ये खेल केवल उन शहरी क्षेत्रों में ही देखे जा सकेंगे जहां केबल टी0वी0 उपलब्ध है और देश के विशाल क्षेत्र में केवल कनैक्शन उपलब्ध नहीं है। यह गांवो में रहने वाले उन करोड़ों लोगों के लिए, जो खेलो में इस विशाल आयोजन को देखने से वंचित रह जाएंगे एक दुखद घटना होगी।

---

9. Matter Under Rule 377 Laid द्वारा राजेश कुमार मांझी (गया) 15.03.05
10. पृष्ठ क्रमांक 5001

चूंकि दूरदर्शन का प्रसारण लगभग पूरे देश में हैं, ग्रामीण दर्शकों के लिए यह एकमात्र साधन है। लोग इनके बारे में जानने के लिए काफी उत्सुक है। अतः इन परिस्थितियों में, मैं सरकार से आग्रह करुंगा कि राष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से विश्वकप फुटबाल मैच 2002 में सभी मैचों के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए और इस आशय की उद्घोषणा तत्काल की जाये।[11]

19.03.2002

(ख) हैदराबाद, आंध्र प्रदेश में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए दिये जाने वाले दान पर आयकर में छूट किए जाने की आवश्कयता

श्री राजैया मल्याला (सिद्दीपेट) : वर्ष 2002 के राष्ट्रीय खेल हैदराबाद आंध्र प्रदेश में होने जा रहे हैं। 150 करोड़ रु0 की अनुमानित लागत से अनेक नये स्टेडियम और अन्य आधारभूत संरचनात्मक ढांचे का निर्माण किया जाना है। राज्य सरकार ने 16 जिला मुख्यालयों में खुले और बंद स्टेडियम और तरणातालों का निर्माण कार्य हाथ में लिया है।

आंध्र प्रदेश खेल प्राधिकरण ने खेल और क्रीड़ाओं को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य अपने हाथों में लिए हैं। राज्य सरकार ने एक खेल नीति की घोषणा की है जिसका सभी ने स्वागत किया है। इन गतिविधियों में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों से उदारतापूर्वक

---

11. नियम 337 के अधीन मामले द्वारा श्री हन्नान मोल्लाह (उलूबेरिया) 13.05.02

दान देने के लिए संपर्क किया है। जैसा कि राज्य सरकार ने निवेदन किया है कि भारत सरकार को संस्थाओं और व्यक्तियों से मिलने वाले दान पर 100 प्रतिशत कर में छूट देनी चाहिए।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस संबंध में शीघ्र आदेश जारी करें जिससे दान देने वाले राज्य में राष्ट्रीय खेल, 2002 निर्विघ्न सम्पन्न कराने में मदद करने के लिए सामने आएं।[12]

<u>03.12.2003</u>

(एक) हिमाचल प्रदेश में खेलों के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों की स्वीकृति दिए जाने की आवश्यकता

श्री सुरेन्द्र चन्देल (हमीरपुर, हि0प्र0) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जैसा कि आपको विदित है कि हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवम् पिछड़ा क्षेत्र है, लेकिन खेल प्रतिभाओं की वहां कमी नहीं है। आवश्यकता सिर्फ उनको निखारने हेतु खेल सुविधाएं मुहैया कराने की है।

मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश सरकार के आयुक्त एवं सचिव (युवा सेवाएं एवं खेल) विभाग ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति एवम् सहायता प्रदान करने हेतु बिलासपुर–हिमाचल प्रदेश में 400 मीटर एथलैटिक ट्रेक निर्माण, हमीरपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण, ऊना में तरण ताल (स्वीमिंग पूल) निर्माण, हमीरपुर

---

12. नियम 377 के अधीन मामले द्वारा श्री राजैया मल्याला (सिद्दीपेट) 19.03.02 पृष्ठ क्रमांक 445.

में खेल अकादमी स्थापत करने की परियोजना की स्वीकृति एवं हि0प्र0 के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में खेल के मौदानों का विकास करने एवं खेल सामग्री क्रय करने हेतु 67 प्रकरण प्रेषित किए हैं, लेकिन वे अभी तक लंबित है। मेरा आग्रह है कि शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाये।[13]

02.05.2003

भारत-पाक संबंध और हाल के घटनाक्रम के बारे में

प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी बाजपेयी) : अध्यक्ष महोदय, 28 अप्रैल की शाम को पाकिस्तान के प्रधान मंत्री श्री जमाली ने मुझसे टेलीफोन पर बातचीत की।

प्रधान मंत्री श्री जमाली ने श्रीनगर में मेरी टिप्पणी तथा भारत–पाकिस्तान संबंधों के बारे में संसद के दोनों सदनों में दिए गए मेरे वक्तव्य की सराहना की और इसके लिए शुक्रिया अदा किया। इन्होने आतंकवाद की भर्त्सना की।

जैसा कि माननीय सदस्यों को मालूम ही है, हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा करने के लिए हम किसी भी मौके का लाभ उठाना चाहेंगे। लेकिन हम एक सार्थक बातचीत के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करने की आवश्यकता पर बार–बार जोर देते रहे हैं जिसके लिए यह अत्यंत जरुरी है कि सीमा–पार से आतंकवाद को बंद करने इसके ढांचे का उन्मूलन किया जाये।

---

13. नियम 377 के अधीन मामले द्वारा श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर हि0प्र0) 03.12.03 पृष्ठ क्रमांक 500.

हमने अपने द्विपक्षीय संबंधो को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इस संबंध में मैने आर्थिक सांस्कृतिक सहयोग, आदान–प्रदान, दोनों देशवासियों के आपसी सम्पर्क तथा नागरिक उड्डयन संबंधो के महत्व पर बल दिया। इनसे एक ऐसा माहौल पैदा होगा जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधो के जटिल मुद्दों का समाधान निकाला जा सकेगा। प्रधान मंत्री जमाली ने दोनों देशों के बीच खेल–कूद संबंध फिर से शुरु करने का सुझाव दिया। हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि शुरुआती तौर पर, इन कदमों पर विचार किया जा सकता है।[14]

29 अप्रैल 2003

(ग्यारह) देश के प्रत्येक जिले में युवा सेवा केन्द्र स्थापित किए जाने और खेलकूद स्टेडियम का निर्माण किए जाने की आवश्यकता

श्री डी0 वेणुगोपाल (तिरुपतूर) : भारत जैसे विशाल देश में जहां कई जाति समुदाय के लोग रहते हैं खेल–कूद को प्रोत्साहन और राष्ट्र–निर्माण जिसमें युवा भी शामिल हैं, को अभी भी ज्यादा महत्व देने की जरुरत हैं। हमारी आबादी के 75 प्रतिशत से अधिक 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में आती हैं। देष के लगभग 102 करोड़ लोगों में से लगभग 34 प्रतिशत 15–35 वर्ष के आयु वर्ग के हैं। यह जानकर दुःख होता है कि खेल–कूद छात्रवृत्ति के लिए इस वर्ष का आवंटन पिछले वर्ष से कम है। इसे अपने युवाओं को अगले एशियाई खेलों या एथेन्स ओलंपिक के लिए तैयार करने में हमें मदद नहीं मिलेगी। इसी प्रकार, राष्ट्रीय सेवा कोर और हाल ही में स्थापित राष्ट्रीय पुनः

---

14. प्रधानमंत्री द्वारा वक्तव्य– प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई 02.05.03 (एल0टी0 7624/2003) पृष्ठ क्रमांक 345

निर्माण कोर के लिए इस साल का आंवटन भी कम हैं। ऐसे समय में हम जब भूमंडली करण की ओर जा रहे हैं और निजी क्षेत्रों को और अधिक भूमिका देने जा रहे हैं तब हमें अपने युवाओं को सामाजिक और सामुदायिक सेवा क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय युवा आयोग से प्रतिवेदन आने में भी विलम्ब हुआ है। नई सहस्त्राब्दि में युवाओं के लिए एक कार्य योजना बनाने में मदद करने हेतु उत्तरदायी युवा नेताओं और खिलाड़ियों को शामिल करने की आवश्यकता है। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से देश के प्रत्येक जिले में युवा सामाजिक सेवा केन्द्र और खेल–कूद स्टेडियम की स्थापना के लिए अनुरोध करता हूं।[15]

10.03.03

श्री जोवकिम बखला (अलीपुरद्वार) : सभापति महोदय, मुझे इस वाद–विवाद में भाग लेने और आम बजट पर अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति देने हेतु मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं जानता हूं कि जहां तक खेलों का संबंध हैं, बजट में इसका कुछ विशेष उल्लेख होना चाहिए था। जहां तक विश्व कप का सवाल है, सौरव गांगुली के नेतृत्व में हमारे खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल खेल रहे हैं लेकिन आपके माध्यम से मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि सरकार उन युवाओं को विशेषकर भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में युवाओं को क्या समर्थन दे रही है जो कि खेलों में रुचि रखते हैं और प्रतिभाशाली है। वह क्या कदम उठा रही हैं?

---

15. नियम 377 के अधीन मामले द्वारा श्री डी0 वेणूगोपाल (पिरुपत्तूर) 29.04.03 पृष्ठ क्रमांक 265.

लोगों के इस वर्ग को वे क्या वित्तीय सहायता दे रही है? इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं।[16]

<u>27.02.2003</u>

<u>*श्री प्रियरंजन दासमुंशी (रायगंज) :*</u> माननीय अध्यक्ष महोदय, हम भारतीय क्रिकेट टीम को उनके कल के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहते हैं और हम सभी को भारतीय क्रिकेट टीम के फाइनल में पहुंचने के लिए शुभकमनाएं जरुर देनी चाहिए। चूंकि पहले क्रिकेट संबंधी निकाय के प्रमुख आप थे, इसलिए मेरा विचार है कि यह संदेश एक बार फिर से टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए आपकी ओर से जाना चाहिए।[17]

<u>08.12.2004</u>

(आठ) सर्कस उद्योग को खेलकूद और मनोरंजन उद्योग के समान मानते हुए उसे प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता

श्री अब्दुल्लाकुट्टी (कन्नानौर) : महोदय, मैं केरल की जिस कन्ननौर संसदीय क्षेत्र का प्रतनिधित्व करता हं वह भारतीय सर्कस उद्योग का केन्द्र बिन्दु समझा जाता है।

सर्कस खेलकद और मनोरंजन दोनों का एक सुमेल है– खेलकूद इसलिए क्योंकि सर्कस के कलाकार सीधे दर्शकों के सामने अपनी कलाबाजियां दिखाते हैं और मनोरंजन इसलिए क्योंकि यह रेडियो और टेलीविजन से

---

16. सामान्य बजट 2003–04 सामान्य चर्चा द्वारा श्री जोवाकिम बखला (अलीपुर द्वारस) 10.03.03 पृष्ठ क्रमांक 555.
17. पूर्वान्ह 1–14 बजे निधन व बधाई सम्बन्धी उल्लेख द्वारा श्री प्रियरंजन दास मुंशी (रायगंज) 27.02.03 पृष्ठ क्रमांक 06

स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करता है जिस परिवार के बड़े–बूढ़ों से लेकर बच्चों तक के साथ देखा जा सकता है। इसके बावजूद इस उद्योग को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और अब कई कारणों से यह लुप्तप्राय होता जा रहा है।

रुस और चीन की भांति इस उद्योग को राज्य संरक्षण प्राप्त नहीं है। इन देशों में सर्कस प्रशिक्षण अकादमी और संस्थाएं सरकार के सरंक्षण में कार्य करती है। बाल सर्कस कलाकर इस उद्योग से दक्षता प्राप्त करने के लिए कई वर्ष तक कड़े अभ्यास और व्यायाम का प्रशिक्षण आरम्भ करते हैं। भारत के बाल श्रम कानून बच्चों को सर्कस उद्योग में प्रशिक्षण और प्रदर्शन को बढ़ावा देने से रोकते है। अतः इन कानूनों में परिवर्तन किया जाना चाहिए।

चूंकि सर्कस में लंबे समय से वन्य जीवों को पालूत बनाने और उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य होता रहा है, भारतीय वन्यजीव अधिनियम के उपबन्ध सर्कस उद्योग के लिए इस दृष्टि से कुठारा घात साबित हुए हैं कि वे उपबन्ध बन्य जीवों को उनकी प्राकृतिक दशा में रहने से भी अधिक संरक्षण प्रदान करते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सर्कस उद्योग को खेलकूद और मनोरंजन उद्योग के समकक्ष मानते हुए इसे बढ़ावा दें।[18]

---

18. नियम 377 के अधीन मामले द्वारा श्री अब्दुल्लाकुद्दी (कन्नौर) 08.12.04 पृष्ठ क्रमांक 697.

17.02.2003

राष्ट्रपति का अभिभाषण

महासचिव महोदय मैं 17 फरवरी 2003 को एक साथ समवत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय युवा नीति का नया मसौदा तैयार किया है। एक राष्ट्रीय युवा आयोग बनाया गया है। 17 वें राष्ट्रमंडल खेलों तथा 14 वें ऐशियाई खेलों में अपने शानदार प्रदर्षन के लिए भारतीय खिलाड़ी बधाई के पात्र है। इस वर्ष के अंत में अफ्रीकी– एशियाई खेल आयोजित करने के निर्णय से देश में खेलों को और प्रोत्साहन मिलेगा। मैं अपने होनहार खिलाड़ियों तथा खेल संस्थाओं से अपील करता हूं कि वे अगले वर्ष होने वाले ओलम्पिक खेलों की तैयारियों में पूरी तरह से जुट जाएं, माननीय सदस्यगण, आइए हम दक्षिण अफ्रीका में विश्व कप टूर्नामेंट खेल रही भारतीय क्रिकेट टीम को अपनी शुभकमानाएं दे।[19]

18.08.04

एथेंस ओलंम्पिक में रजत पदक जीतने पर मेजर राज्यवर्धन सिंह राठौर को बधाई

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों, मुझे विश्वास है कि एथेंस ओलम्पिक खेलों मे डबल, ट्रैप शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतने की शानदार

---

19. राष्ट्रपति का अभिभाषण (संयुक्त बैठक) राष्ट्रपति श्री के0आर0 नारायणन 17.02.03 पृष्ठ क्रमांक 308.

उपलब्धि के लिए सम्पूर्ण सभा मेजर राज्यवर्धन सिंह राठौर को बधाई देने में मेरे साथ सम्मिलित होगी। स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी भारतीय ने ओलम्पिक खेलों के किसी एकल स्पर्धा में रजत पदक जीता है। उन्होंने देश और सशस्त्र बलों को गौरवान्वित किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस उपलब्धि से भारतीय ओलम्पिक दल को नई ऊंचाईयां छूने और देश का यश दिलाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। मेजर राठौर की इस उपलब्धि से देश के खिलाड़ियों और युवा वर्ग को अपने–अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की भी प्रेरणा मिलेगी।[20]

<u>02.12.04</u>

(बारह) तामिलनाडु में मंगलोर में एक खेल स्टेडियम का निर्माण किए जाने की आवश्यकता।

श्री ई0 पोन्नुस्वामी (चिदंबरम) : महोदय, खेल और शारीरिक शिक्षा से संबंधित गतिविधियाँ अपने स्वास्थ्य और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। मित्रवत् प्रतियोगिता की भावना का एक युवा के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। खेलों में बेहतर प्रदर्शन से उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना बढती है। खेल लाभकारी मनोरंजन उपलब्ध कराता है, उत्पादकता में सुधार लाता है। और सामाजिक तालमेल और अनुशासन को बढ़ावा देता है।

---

20. अध्यक्ष द्वारा उल्लेख (लोक सभा वाद–विवाद) श्री सोमनाथ चटर्जी 18.08.04 पृष्ठ क्रमांक 01

खेलों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए मैने अपने निर्वाचन क्षेत्र में युवा–हॉस्टल और स्पोर्टस स्टेडियम के अनुमोदन के लिए 13 सितम्बर 2001 को तत्कालीन खेलमंत्री को पत्र भेजा। तत्कालीन मंत्री ने मेरे अनुरोध पर विचार किया और उन्होने मेरे निर्वाचन क्षेत्र चिदंबरम में 1.5 से 2.0 एकड़ की उपयुक्त विकसित भूमि ढूंढने के पश्चात् हॉस्टल निर्माण पर सहमति दे दी। तमिलनाडु में मंगलौर, युवा हॉस्टल सहित स्पोर्टस स्टेडियम के निर्माण के लिए उपुयक्त स्थान है। मैने जिला कलेक्टर से भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है जिसके लिए उन्होने ही सहमति दे दी यदि वहां से भी कुछ नहीं होता तो एक निजी भूमि–मालिक भूमि का दान करने के लिए तैयार है। अतः मैं माननीय खेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह तत्काल मामले पर विचार करें और कर्नाटक की बजाय तमिलनाडु के मंगलौर में युवा हॉस्टल एक स्पोर्टस स्टेडियम के निर्माण पर कार्रवाई शुरु करें ताकि तामिलनाडु के इस हिस्से में खेल संबंधी विकसात्मक गतिविधियां हो सके।[21]

<u>26.02.05</u>

खेलकूद क्षेत्र में उपलब्धियाँ रेलवे की

वर्ष 2004–05 के दौरान खेलकूद के क्षेत्र में भारतीय रेलों का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्षन रहा है। भारतीय रेलवे की शतरंज टीम ने नवम्बर 2004 में स्लोवाकिया देश के पिएस्तानी शहर में हुई विश्व रेलवे यू0एस0आई0सी0 शंतरज चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

---

21. नियम 377 के अधीन मामले (प्रश्न नं0 बारह) द्वारा श्री ई0 पोन्नूस्वामी (चिदंबरम) 02.12.04 पृष्ठ क्रमांक 384

चालू वर्ष में भारतीय रेलवे की खिलाड़ी सुश्री रषेल थोमस को साहसिक खेल स्काई डाइविंग में अपने उतकृष्ट प्रदर्शन के लिए पद्म श्री के सम्मान से नवाजा गया है। पांच रेलकर्मियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं भारतीय रेलों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में 16 राष्ट्रीय पदक जीते।[22]

02.05.2005

The Need to Promote sports and to create more Infrastructor for deveppment of sports complex in the conuntdery

श्रीमती ज्योतिर्मयी सिकदर कृष्णा नगर : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय आपके सामने रखना चाहती हूं मै खुद एक खिलाड़ी हूं और खेल की दुनिया से मेरा बहुत ही नजदीक का रिश्ता रहा है, इसलिए खेल की दुनिया में परेशानियां और समस्याएं, अच्छाई और बुराई के साथ मैं परिचित रही हूं। करीब एक वर्ष मैं एच0आर0डी0 कमेटी की मैम्बर भी रही हूं। खिलाड़ियों से मुझे बातचीत करने का मौका मिला है। मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगी कि जब मैने स्पोट्र्स में भाग लिया था, तब भी जिन–जिन परेशानियों का सामना मुझे करना पड़ा था, आज भी खिलाड़ियों के सामने वही परेशानियां हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि आज तक खेल को शिक्षा का हिस्सा क्यों नहीं बनाया गया। जब तक खेलकूद को शिक्षा का हिस्सा नहीं

---

22. रेलवे बजट– 2005–06 द्वारा श्री लालू यादव (रेलमंत्री) 26.02.05 पृष्ठ क्रमांक 27

बनाया जायेगा, तब तक हमारा काम पूरा नहीं होगा। मैं मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि दूसरे मंत्रालयों से पूछें और एक नई खेल नीति बनायें और खेलों को पाठ्यक्रम में जोड़ा जाये और स्कूल से ही बच्चों को खिलाड़ी चुनना आवश्यक है।

वैसे तो हमारे यहां क्रिकेट और टेबिल टेनिस को बहुत ही महत्व दिया जाता है, लेकिन भारत में जो बहुत से खेल हैं,, जैसे फुटबाल, हॉकी और एथलेटिक्स हैं, इन सभी खेलों के लिए हम देखते हैं कि हॉकी में हम ओलम्पिक में पहले गोल्ड मैडल लेकर आते थे, लेकिन आज फाइनल में पहुंचना भी बहुत दूर की बात है। फुटबाल में एशियन गेम्स में हमें गोल्ड मैडल मिलता है। आज एशियन गेम्स में फुटबाल में फर्स्ट राउंड में आउट हो जाते हैं। आज फुटबाल के लिए हमें विदेशों से खिलाडियों को लेकर आना पड़ रहा है। मैं बताना चाहती हूं कि जो गांवों के खेल हैं, उनका विकास करना चाहिए। माननीय मंत्री जी ने जो कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा के लिए जो 'साई' का प्रोसेस है, यह प्रोसेस बहुत ही गलत है, क्योंकि अभी–अभी कोलकाता में जो 'साई' ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लिया था, उसमें से सिर्फ इंग्लिश पेपर में एडवराटाइजमेंट में देते हैं तो गांव का खिलाड़ी कौन इग्लिश पेपर पढ़ता है। मैं यह कहना चाहूंगी कि स्कूल में कम से कम इन्फोर्मेशन दे दी जाये तो फिर गांव के खिलाड़ियों को मालूम पड़ेगा कि 'साई' में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ले रहे हैं।

हम सभी यह सोचते हैं कि हमारे देश के खिलाड़ी ओलम्पिक में गोल्ड मेडल क्यों नहीं ला रहे हैं। सदन के सभी माननीय सदस्यों को मैं एक बात कहना चाहती हूं कि जब से हमारा देश आजाद हुआ है तब से किसी सरकार ने खेल के विकास के लिए सही कदम नहीं उठाया है। वर्ष 1975 में एक रुरल विमन फेस्टिवल की शुरुआत की गयी थी, किन्तु आज तक उसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। आज भी ब्लाक लेबल के लिए एक हजार रुपये, डिस्ट्रिक्ट लेवल के लिए तीन हजार रुपये और स्टेट लेवल के लिए दस हजार रुपये ही दिए जाते हैं। ऐसे में हम कैसे यह आशा रख सकते हैं कि हमारे खिलाड़ी ओलम्पिक में गोल्ड मेडल जीत कर ले आएंगे।

